an>

Title: Regarding law and order situation and incidents of violence against women in Uttar Pradesh.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): महोदया, मैं आपके माध्यम से देश के और उत्तर प्रदेश के एक अति महत्वपूर्ण मुद्दे की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर हर बार प्रश्न-चिह्न उठते रहते हैं। इस समय केवल उत्तर प्रदेश का ही नहीं बल्कि पूरे देश का गन्ना किसान तबाह है। चीनी मिलें बंद हो रही हैं। वहां पहले से नोटिस लगा कर किसानों को अवगत कराया जा रहा है कि पता नहीं भविष्य में चीनी मिलें चलेंगी या नहीं चलेंगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है। पूरे देश के अंदर चीनी मिलों पर गन्ना किसानों की बहुत बड़ी राशि बकाया है। यह केवल उत्तर प्रदेश के ही नहीं बल्कि पूरे देश के गन्ना किसानों के लिए बहुत बड़ी समस्या तो बनी ही है साथ ही कानून व्यवस्था के लिए बड़ी गंभीर स्थिति पैदा करेगी।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि शुगर डेवलपमेंट फंड में बहुत बड़ी राशि जमा है। देश के अंदर चीनी उद्योग के पुनरुद्धार के बारे में सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए, जिससे किसानों के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान भी हो सके और साथ-साथ इस देश के अंदर चीनी उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए तथा इस वजह से उत्पन्न होने वाली कानून व्यवस्था चाहे वह देश का विषय हो या किसी भी राज्य का विषय क्यों न हो, उससे बचाया जा सके, इस बारे में गंभीरता से पहल होनी चाहिए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री पी.पी. चौधरी,

श्री दद्दन मिश्रा और

श्री राजेन्द्र अग्रवाल अपने आपको योगी आदित्यनाथ द्वारा उठाए गए मुद्दे से संबद्ध करते हैं।